वर्ष- 3 , अंक- 84
छपरा
16 फरवरी सोमवार 2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com · E-Paper · website : www.dainikkhojkhabar.live



# महाशिवरात्रि: 12 ज्योतिर्लिंग समेत सभी शिवालयों में दर्शन-पूजा

### देश में सबसे पहले महाकाल मंदिर में हुई महाशिवरात्रि की शुरुआत, रात 2:30 बजे खुले पट

**उज्जैन,एजेंसी।** देशभर में सबसे पहले यहां स्थित महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि की शुरुआत हुई। रात 2:30 बजे मंदिर के पट खोल दिए गए। परम्परा के अनुसार, इस महापर्व की शुरुआत उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर से हुई। पट खुलते ही पूजा-अर्चना के बाद भस्म आरती में बाबा महाकाल का भांग-चंदन और त्रिपुंड से राजा स्वरूप में दिव्य श्रृंगार हुआ।

वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि देश में सभी त्यौहार सबसे पहले भगवान महाकाल के मंदिर में मनाए जाते हैं। भस्म आरती के बाद बाबा महाकाल के दर्शन शुरू हो गए हैं। श्रद्धालु 44 घंटे तक दर्शन कर सकेंगे। सुबह नौ बजे तक एक लाख 35 हजार श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। रविवार होने के कारण भीड़ तेजी से बढ़ रही है। 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।


सोमनाथ मंदिर

रात 2:30 बजे प्रथम घंटाल बजाकर मंदिर में प्रवेश किया गया। मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पंडे-पुजारियों ने जलाभिषेक किया। फिर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन के बाद बाबा महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ-साथ मोगरे और गुलाब से बनी फूलों की माला अर्पित की गई।तड़के हुई भस्म आरती में प्रवेश पासधारी श्रद्धालुओं के साथ-साथ चलित भस्म आरती के दर्शन भी कराए गए। महाकाल मंदिर समिति का दावा है कि पर्व के दौरान औसतन 40 मिनट में दर्शन कराए जा रहे हैं। परंपरा के अनुसार महाकाल को दिनभर जल अर्पित किया जाएगा। चार पहर की पूजा के चलते मंदिर रात भर खुला रहेगा और 16 फरवरी की रात शयन आरती के बाद करीब 10:45 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। यानी करीब 44 घंटे लगातार महाकाल के दर्शन होंगे।

इस बार महाशिवरात्रि पर महाकाल मंदिर को दक्षिण भारत के नटराज मंदिर की थीम विदेशी फूलों से सजाया गया है। आंगन में रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही पूरे महाकालेश्वर मंदिर में जगमग रोशनी लगाई गई है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया है कि मंदिर में पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं। भस्म आरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। भक्तों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सही इंतजाम किए गए हैं।

## महाराष्ट्र के दो जिलों के 21 ठिकानों पर एटीएस की छापेमारी

### आतंकी गतिविधियों के शक में तलाशी अभियान




**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की खुफिया जानकारी के मद्देनजर दो जिलों में ताबड़तोड़ तलाशी अभियान चलाया। एटीएस ने यवतमाल और अहिल्यानगर जिलों के 21 ठिकानों पर छापेमारी करते हुए पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने आधी रात के आसपास शुरू किए गए छापों में दोनों जिलों में 20 से अधिक स्थानों की तलाशी ली और एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

## अमेरिका में लापता भारतीय छात्र का शव बरामद, भारतीय दूतावास ने की पुष्टि

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका में एक सप्ताह से भी कम समय पहले लापता हुआ 22 वर्षीय भारतीय स्नातकोत्तर छात्र मृत पाया गया है। भारतीय दूतावास ने यहां यह जानकारी दी। कर्नाटक के रहने वाले और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में पढ़ने वाले छात्र साकेत श्रीनिवासैया सोमवार से लापता थे। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय समयानुसार शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में छात्र के शव की बरामदगी की पुष्टि की। पोस्ट में कहा गया है, वाणिज्य दूतावास को यह सूचित करते हुए गहरा दुख है कि स्थानीय पुलिस ने लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया के शव की बरामदगी की पुष्टि कर दी है। श्रीनिवासैया के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए वाणिज्य दूतावास ने कहा कि दूतावास परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है जिसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत ले जाने की व्यवस्था करना शामिल है। दूतावास ने कहा, वाणिज्य दूतावास के अधिकारी परिवार के साथ संपर्क में हैं और सभी आवश्यक औपचारिकताओं एवं सेवाओं में उनका सहयोग करेंगे।



## ओवैसी बोले–वंदे मातरम वफादारी का टेस्ट ना बने

### आरएसएस–बीजेपी भारत को धार्मिक देश बनाना चाहते हैं, संविधान भारत माता की जय से शुरू नहीं होता

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल–मुस्लिमीन (AIMIM) चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वंदे मातरम गाना और इसको सम्मान देना देश से वफादारी का टेस्ट ना माना जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) भारत को एक धार्मिक देश बनाना चाहते हैं। न्यूज एजेंसी ANI को शुक्रवार को दिए इंटरव्यू में ओवैसी ने कहा कि संविधान हम लोग से शुरू होता है, भारत माता की जय जैसे नारों से नहीं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। दरअसल, केंद्र सरकार ने 12 फरवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे।

# महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बोले- टीपू सुल्तान शिवाजी महाराज के बराबर

### भाजपा बोली- सपकाल पागल हो चुके हैं; पुणे में पूर्व विधायक के पोस्टर जलाए, एफआईआर

**बुलढाणा,एजेंसी।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करने पर विवाद बढ़ गया है।

सपकाल ने कहा था- टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के बराबर मानना चाहिए। वे एक योद्धा और भारत के भूमिपुत्र के रूप में उभरे। उन्होंने कभी भी जहरीली सोच को नहीं अपनाया।

दरअसल, सपकाल 14 फरवरी को बुलढाणा में मालेगांव नगर निगम के डिप्टी मेयर निहाल अहमद के ऑफिस टीपू सुल्तान की तस्वीर हटाने पर हुए विवाद के बारे में बोल रहे थे। उन्होंने 𝕏 पर एक पोस्ट में लिखा- छत्रपति शिवाजी महाराज की बहादुरी बेमिसाल है, जबकि टीपू सुल्तान बहादुर और स्वराज्य के प्रेमी थे। शिवाजी महाराज को आदर्श मानकर ही टीपू अंग्रेजों से लड़े। कांग्रेस नेता के बयान को सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस नेता को खुद पर शर्म आनी चाहिए।



### भाजपा प्रवक्ता बोले- सपकाल का दिमाग खराब, पागल हुए

कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस प्रेसिडेंट का दिमाग खराब हो गया है, वह पागल हो गए हैं। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए।

**विवाद हुआ तो सपकाल ने सफाई दी** :हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि मुझसे जो मूल प्रश्न पूछा गया था, मेरा वक्तव्य उसी संदर्भ में है। मेरे बयान को तोड़–मरोड़कर दिखाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि मैं चर्चा के लिए तैयार हूं। जो प्रश्न पूछा गया था, मेरे उत्तर के संदर्भ में ही मेरा बयान है। जहां तक शिवाजी महाराज की बात है तो उनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का तीन दिवसीय भारत दौरा

- पीएम मोदी से होगी मुलाकात, एआई–इनोवेशन पर होंगे अहम समझौते



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत आ रहे हैं। वह अपनी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली फ्रांस यात्रा के बाद हो रहा है। मैक्रों का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों 16 फरवरी की देर रात करीब 11:30 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके दौरे के आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### मुंबई और दिल्ली में कई कार्यक्रम

17 फरवरी को राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई समझौतों का आदान–प्रदान होगा और एक संयुक्त बयान भी जारी किया जाएगा। शाम को वह होटल ताज महल पैलेस में भारत–फ्रांस इनोवेशन फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रात में गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### एआई समिट और इनोवेशन पर जोर

इस दौरे का बड़ा आकर्षण नई दिल्ली में आयोजित हो रहा एआई इम्पैक्ट समिट है। यह ग्लोबल साउथ में होने वाला पहला एआई समिट है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भारत सरकार का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) देश के विकास, शासन और सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इस दौरे के दौरान दोनों नेता भारत–फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन का भी उद्घाटन करेंगे, जिसे 2026 तक मनाया जाएगा।

### शाह ने राहुल को दी चुनौती

# ट्रेड डील को लेकर लगाया गुमराह करने का आरोप, कहा- किसी भी मंच पर कर लें बहस

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और अमेरिकी व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है।



**राहुल गांधी झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं** :उन्होंने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है। तीनों समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों, पशुपालकों और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है, न ही कर सकते हैं, यह असंभव है। यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय-बाय कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया। मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का कृषि बाज़ार खोल दिया था। आज पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं।

### 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया- शाह

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में किसानों की बात करते हैं। आपने किसानों का कितना अनाज खरीदा था? 10 साल यूपीए सरकार के और 10 साल मोदी सरकार की तुलना करें तो हमने आपसे 15 गुना अधिक अनाज किसानों का एमएसपी पर खरीदा है।

## अमेरिका से परमाणु समझौते पर बातचीत के लिए ईरान तैयार

- उप विदेश मंत्री बोले– ट्रम्प प्रतिबंध हटाएं तो डील संभव

**वॉशिंगटन डीसी/ तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत करने की इच्छा जताई है। ईरान के उप विदेश मंत्री मजीद तख्त-रवांची ने BBC को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर बात करने को तैयार है, तो हम अपने परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई मुद्दों पर समझौता करने के लिए तैयार है।

दोनों देशों के बीच बातचीत का अगला दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है। वहीं अमेरिकी अधिकारी बार-बार कहते रहे हैं कि परमाणु वार्ता में प्रगति रुकने की वजह ईरान है, न कि अमेरिका। हालांकि, तख्त-रवांची ने दोहराया कि ईरान अपने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट पर अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा। यह मुद्दा इजराइल और अमेरिका दोनों उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब हम पर इजराइल और अमेरिका ने हमला किया तो हमारी मिसाइलों ने हमारी रक्षा की। हम अपनी रक्षात्मक क्षमता से खुद को कैसे वंचित कर सकते हैं?'



**अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल :** दूसरी ओर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समझौता चाहते हैं, लेकिन ईरान के साथ डील करना बहुत मुश्किल है।

ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसके साथ ही अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी भी बढ़ाई है।

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता एक लंबे समय से चल रही विवादास्पद बातचीत है, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना है।




# खाड़ी देशों में जॉब ट्रैप: पूर्व सैनिकों से जासूसी करा रही आईएसआई

### इनकार करने पर टॉर्चर सेल में प्रताड़ना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारतीय सेना की संवेदनशील जानकारी जुटाने के लिए अब एक नया और खतरनाक पैंतरा आजमाया है। आईएसआई की नजर अब भारत के पूर्व सैनिकों पर है।

खाड़ी देशों में सिक्योरिटी गार्ड की ऊंची सैलरी वाली नौकरी का लालच देकर पूर्व सैनिकों को वहां बुलाया जा रहा है और फिर उन्हें जासूसी के दलदल में धकेला जा रहा है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, आईएसआई ने खाड़ी देशों..सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, कतर और यूएई में अपना एक बड़ा जाल फैला रखा है। भारत के विभिन्न राज्यों में सक्रिय एजेंटों के जरिए ऐसे पूर्व सैनिकों की पहचान की जाती है जिनकी उम्र 50 वर्ष के आसपास है या जो 15 साल की सेवा के बाद रिटायर हुए हैं। इन्हें बेहतर सैलरी, मेडिकल पैकेज और शानदार रहन-सहन का झांसा देकर विदेश भेजा जाता है।

**1,000 पूर्व सैनिक निशाने पर :** सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में केरल की एक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से लगभग एक हजार पूर्व सैनिकों को खाड़ी देशों में भेजा गया है। इस एजेंसी के तार कई अन्य राज्यों से भी जुड़े होने की आशंका है।

**भारतीय सेना ने किया अलर्ट** :आईएसआई के इन नापाक इरादों को देखते हुए भारतीय सेना ने अपने पूर्व सैनिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क रहने और संदिग्ध प्लेसमेंट एजेंसियों के झांसे में न आने की सलाह दी गई है। खुफिया रिपोर्ट बताती है कि विदेशी धरती पर होने के कारण कई पूर्व सैनिक जान के डर और भारी दबाव के चलते टूट जाते हैं, जिसका फायदा दुश्मन एजेंसी उठा रही है।

**हिरासत से लेकर जेल भेजने तक का खतरा** :इनकार करने पर टॉर्चर सेल और किडनैपिंग जो पूर्व सैनिक देश के प्रति वफादारी दिखाते हुए जासूसी से मना करते हैं, उन्हें नरक जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है। आईएसआई ने इसके लिए एकांत हिरासत केंद्र बना रखे हैं। जासूसी के लिए मना करने पर सैलरी रोक दी जाती है। बीमार होने पर इलाज नहीं मुहैया कराया जाता। झूठे केसों में फंसाकर जेल भेजने या अपहरण कर यातनाएं देने की रिपोर्ट भी सामने आई हैं।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं का पटना परिभ्रमण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कवलपुरा गांव अवस्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत राजधानी पटना का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने चिड़ियाघर, विज्ञान भवन परिसर, बिहार संग्रहालय, गोलघर सहित पटना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के बौद्धिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा उन्हें व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने जीव-जंतुओं की विभिन्न प्रजातियों को नजदीक से देखा तथा विज्ञान और इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। बिहार संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत ने छात्राओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। गोलघर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ने उन्हें अतीत से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान दीपक कुमार सिंह, वार्डन अलंकार ज्योति, पूजा सिंह एवं शिक्षिका सिंधु सहित विद्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने छात्राओं को प्रत्येक स्थल की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है तथा पाठ्यपुस्तक आधारित ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर मिलता है। छात्राओं ने भी इस शैक्षणिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

## मढ़ौरा में पोखर से महिला का शव बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** रविवार की सुबह में स्थानीय नगर स्थित एक पोखर से अज्ञात महिला का शव की खबर से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सूचना पर पहुंची मढ़ौरा थाना की पुलिस ने शव को बाहर निकाल बरामद किया। बताया जा रहा है वैश्यटोला के मेहता गाछी के पास सरकारी स्कूल के पीछे सुनसान इलाके में एक पोखरा में एक अज्ञात महिला का शव लोगों ने देखा। इसकी खबर आसपास के मुहल्ले में फैली तो देखने की भीड़ भाड़ जमा हो गई। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने तालाब के अंदर पानी में तैरता शव को बरामद कर शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन तत्काल मौके पर शव की शिनाख्त नहीं हो पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के शरीर पर चोट के निशान थे। वहीं गले में काला धागा बांधा हुआ है। जिसकी उम्र 35 साल के लगभग बताई जा रही है। महिला पीला शूट और फूल स्वेटर पहनी है। महिला साधारण कद की 5 फिट 1 इंच के आस पास की होगी। चेहरा पर जख्म का निशान और पानी में फूला हुआ था। मौके पर लोगों की भीड़ तरह तरह के अंदेशा जाता रहे थे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**परिजनों ने शव का किया शिनाख्त**

मढ़ौरा थाना क्षेत्र के मेहता गाछी के पास स्थित एक तालाब से रविवार को पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। जिसकी बाद में शव की पहचान हसनपुरा नयाटोला निवासी रमेश महतो की पत्नी लालमुनी देवी के रूप में हुई, जो एक सप्ताह से लापता थीं और जिनकी गुमशुदगी की सूचना पहले ही थाने में दर्ज कराई गई थी।

## सैदपुर के एक युवक ने किया आत्महत्या

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा घाट थाना अंतर्गत सैदपुर गांव के एक युवक ने फांसी के फंदे से झूल कर अपनी जान दे दी. इस घटना के बाद उसके परिवार में महाशिवरात्रि का उत्सव मातम में बदल गया. उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने रविवार शाम को बतायी की मृतक राजा कुमार उम्र 25 वर्ष करीब पिता भरत शाह है। थाना अध्यक्ष ने बताई की मृतक के गांव के एक पड़ोसी लड़की के भागने के आरोप राजा कुमार पर लगाया गया था जहां राजा लड़की के भगाने के कांड से इनकार करते रहा जहाँ आक्रोशित होकर वह घर में गले में रस्सी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जहां पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा कर उसका अंतिम संस्कार के लिए रविवार को शव सौंप दिया है। थानाध्यक्ष ने बतायी कि लगभग एक सप्ताह पूर्व इस मामले में कराई गई युवती के अपहरण प्राथमिकी में मृतक नामजद अभियुक्त था। वही मृतक के पिता भरत साह ने बताया कि युवकों का कहना था कि गांव की गायब युवती को उनके बेटे ने भगाया है जबकि यह आप में बुनियाद है. मृतक के पिता का कहना है की उक्त युवती के घर वाले कहीं युवती को अलग रख दिए हैं और उसके लड़के को बदनाम कर रहे हैं. गांव के ही उक्त युवकों के प्रताड़ना से तंग आकर शनिवार की देर रात युवक अपने कमरे में फंदे से झूल कर अपनी जान गवा दी।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, महिला की सोने का चेन चोरी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मशरक के विभिन्न शिव मंदिरों में रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त चतुर्मुखी शिवलिंग दुमदुमा सहित अन्य शिवालयों में जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पूरा क्षेत्र %हर हर महादेव% और %बम-बम भोले% के उद्घोष से गूंज उठा है।इस अवसर पर शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर बज रहे शिव महिमा व भक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। वहीं दुमदुमा चतुर्भुजी शिव मंदिर परिसर में महिला का सोने का चेन चोरी हो जानें का मामला सामने आया। हालांकि मौके पर पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया और जांच-पड़ताल कर रही है। मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव व मां पार्वती का विवाह हुआ था । इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। मशरक के दुमदुमा चतुर्भुजी शिव मंदिर, थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर,दुमरसन शिव मंदिर समेत अन्य गांवों के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएसपी संजय कुमार सुधांशु,सीओ सुमंत कुमार , बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान दल बल के साथ सुरक्षा में तैनात रहें।

## रोहित कुमार सिंह 'भारत यात्रा' पर रवाना, दो वर्षों तक साइकिल से करेंगे देश भ्रमण



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** प्रखंड के खाकी मठिया निवासी युवा रोहित कुमार सिंह को 'भारत यात्रा' के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल तथा सीपीएस स्कूल के निदेशक डॉ. हरेंद्र सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के लिए विदा किया। रोहित कुमार सिंह अगले दो वर्षों तक साइकिल से पूरे देश का भ्रमण करेंगे। उनका उद्देश्य भारत की विविध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक जीवन को करीब से समझना तथा युवाओं को राष्ट्रप्रेम और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करना है।रवाना होने से पहले आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने रोहित के साहस, समर्पण और अटूट संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में इस तरह का संकल्प लेना और उसे पूरा करने के लिए निकल पड़ना वास्तव में प्रेरणादायक है। रोहित की इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं और उनकी मंगलमय व सुरक्षित यात्रा के लिए भगवान महादेव से प्रार्थना की। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## हवन पूजा के साथ हुई नौ दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के सिंगारपट्टी मठिया( नाथधाम ) में सात फरवरी से चल रहे नौ दिवसीय श्रीराधे कृष्ण महायज्ञ का समापन रविवार महाशिवरात्रि के दिन हवन पूजा के साथ हो गया। इस मौके पर मुख्य यजमान दंपती वकील यादव एवं राधा देवी पूजा पर आसीन थे। यज्ञाचार्य पं. मनीष तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर महायज्ञ की पूर्णाहुति कराई गई। यज्ञाचार्य ने बताया कि हवन की महिमा वैदिक काल से लेकर वर्तमान में मनुष्यों के सेहत के लिए काफी लाभदायक मानी गई है। हवन से निकले धुंआ हवा में फैला कर विकारों को नष्ट करता है जिससे वायुमंडल स्वच्छ हो जाता है। यज्ञ समापन के बाद श्रद्धालुओं ने एक- दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। मुख्य यजमान ने यज्ञाध्क्ष निजानंद गिरि एवं यज्ञाचार्य पंडित मनीष तिवारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया समित सिंह, मंटू साह, संदीप, सत्येंद्र साह, वासुदेव साह सहित सभी कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## शिवरात्रि पर बेला में निकली भव्य झांकी

**ढोल-नगाड़ों के बीच गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे , सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल**

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बेला गांव स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भगवान शिव के स्वरूप की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए गांव की विभिन्न गलियों से होकर गुजरे।झांकी में भगवान शिव के आकर्षक स्वरूप का दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूल-मालाओं से सजाया गया था। पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।इस अवसर पर बेला



पैक्स अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, समाजसेवी तथा मुखिया प्रतिनिधि विजय ओझा, ओमप्रकाश पांडेय, मिथलेश सिंह और छोटू ओझा,भाजपा नेता राकेश सिंह विकास दुबे, भाजपा के प्रखंड के पूर्वी मंडल अध्यक्ष,रामानंद सिंह,मंटू बाबा,हरि सहनी,करुणेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष इसी प्रकार श्रद्धा और उत्साह के साथ झांकी निकाली जाती है।

## रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल व क्षितीश्वर नाथ सिंह इंटर कॉलेज का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

**दैनिक खोज खबर/ एकमा/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के नचाप गांव स्थित रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल का 14वां एवं क्षितीश्वर नाथ सिंह इंटर कॉलेज का 15वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम व उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ क्षितीश्वर नाथ ट्रस्ट के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिवार की ओर से निदेशक राकेश कुमार सिंह एवं संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। नृत्य, नाटक, कॉमेडी एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित फैशन शो ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कृतिका सिंह, सोनाक्षी, मोनालिका, प्रतिज्ञा कुमारी, शिवानी, पलक, सुहानी, आदर्श, विराट, रजनीश, वेदांत समेत अन्य विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से समारोह को यादगार बना दिया।मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने शिक्षकों व अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त



करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सतत प्रक्रिया है। जब शिक्षा में संस्कार, अनुशासन व नैतिकता का समावेश होता है, तभी वह समाज व राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बनती है।विशिष्ट अतिथि एकमा विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयास को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले जो उन्हें ज्ञानवान के साथ-साथ संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाएं, यही सच्ची सफलता है।स्वागत भाषण रिद्धि-सिद्धि ग्रुप के चेयरमैन परमेश्वर सिंह ने दिया, जबकि प्राचार्य दशरथ साह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में सीपीएस छपरा के चेयरमैन डॉ हरेंद्र कुमार सिंह, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, अंतिम सिंह, यमुना सिंह इंटर कॉलेज एकमा के पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय सिंह, ठाकुर सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विकास मिश्रा, सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति नचाप के वरिष्ठ सदस्य सूर्यदेव लाल, राजनाथ सिंह, गौतम सिंह, पारस सिंह, विजय कुमार सिंह, डीलर मदन गोपाल सिंह, मनीष कुमार सिंह, रुचि सिंह सेंगर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।वहीं समारोह को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य दशरथ साह, एकेडमिक इंचार्ज उमेश कुमार सिंह, एचआर हेड अरविंद कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक-शिक्षिकाएं क्रमशः वीर सिंह राजपूत, सूरज कुमार शर्मा, ममता, गायत्री कुमारी, ब्रजेश कुमार सिंह, ज्योति यादव, महमूद आलम, संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार यादव, मोहम्मद नईम खान, बसंत कुमार राय, मनोरमा कुमारी, संतोष कुमार ठाकुर, तेजप्रताप सिंह, निकिता कुमारी, प्रिंस कुमार, चंदन पंडित, अर्जुन राय, विक्की कुमार सिंह, मल्लिकार्जुन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, अतुल तिवारी, शैलेश कुमार महतो, अंजलि भारद्वाज, पूजा सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सुहानी सिंह, नुपुर श्रीवास्तव, नैन्सी कुमारी आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## बनियापुर में महाशिवरात्रि पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाबा गौरीशंकर महादेव मंदिर में भक्ति की धूम

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बनियापुर प्रखंड क्षेत्र के बाबा गौरीशंकर महादेव मंदिर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही भक्तजन भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिरों में कतारबद्ध नजर आए। पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रखंड के विभिन्न गांवों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ जलार्पण किया। कई स्थानों पर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन हुआ। मंदिर परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उपवास रखकर पूजा-



अर्चना की और भगवान भोलेनाथ से सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।बेरूई स्थित बाबा गौरीशंकर महादेव मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जहां भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति एवं शिव भक्त सेवा दल के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया।बेरूई शिव मंदिर परिसर में बनियापुर रेफरल अस्पताल की ओर से मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा सके। शिव भक्त सेवा दल के संस्थापक अमर सिंह ने बताया कि हर वर्ष महाशिवरात्रि पर भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो क्षेत्र में भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है।मंदिर परिसर में टुनटुन सिंह, मुखिया प्रत्याशी नरेंद्र सिंह, डॉक्टर राहुल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साह, बबलू मिस्त्री, ध्रुव सिंह चौहान, रघुवंशी सिंह ( पूर्व सैनिक ), अमर सिंह, अरविंद सिंह, उपेंद्र सिंह, सोनू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।महाशिवरात्रि के इस अवसर पर बनियापुर क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया और श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा-भाव से पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## कुंभज ऋषि के तपोस्थली में स्थित बाबा जलेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के कुमना स्थित कुंभज ऋषि तपोस्थली मे स्थित बाबा जलेश्वर नाथ मंदिर में शिवरात्रि को जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से शायं तक हजारों शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर मंगल कामना की।ऐसी मान्यता है कि यहां जलाभिषेक करने से बाबा जलेश्वर नाथ हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस ऐतिहासिक स्थल की त्रेता युगीन मान्यता है। कुंभज ऋषि के इस तपोस्थली में के बारे में रामचरितमानस के बालकाण्ड में भी वर्णन किया गया है- ÷एक समय त्रेता युग माही, शंभू गए कुंभज ऋषि पाहीं÷ एक समय त्रेता युग में कुम्भज ऋषि अपने आश्रम में राम कथा भक्तों को सुनाया करते थे। जिसे सुनने के लिए भगवान शंकर मां पार्वती के साथ वेष बदलकर आश्रम में उपस्थित होते थे। इस ऐतिहासिक स्थल की भौगोलिक बनावट भी कुछ ऐसी ही है। गांव के क ई बुजुर्ग व शिक्षक हितेश सिंह बताते हैं कि वे अपने पूर्वजों से सुनते आए हैं कि यहां से होकर गंगा नदी बहती थी।यहां की चंवर की आकृति भी ऐसी ही है। क ई नाम जैसे गंग कन्हौली सहित कई अन्य गांव भी इसी तरह के नामकरण से हैं।यहां के टीले की खुदाई से प्राचीन इमारत तथा इमारत के खंभे व कई मूर्तियां भी मिली थी। जलेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित एकदिवसीय मेले में करोड़ों का कारोबार होता रहा है।इस बार हजारों पलंग, सोफे आलमारियां, टेबल, कुर्सी हाथों हाथ बिक गए। मिट्टी के बर्तनों ओखल



मुसल भी खुब बिके।प्लास्टिक और स्टील के फर्नीचरो की भी जमकर लोगो ने खरीददारी की।यहां की मीठे की जलेबियां सभी को भाती हैं। मेला देखने वाले यहां के श्रीफल अपने घरों में ले जाना पसंद करते हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने यहां पर प्याऊ की व्यवस्था की थी।स्थानीय युवा और कोपा थाना पुलिस के जवान व्यवस्था बनाने में तत्पर दिखे। मेला मे कई झूले बच्चों और युवाओं को आकर्षित कर रहे थे।इस मेले का इंतजार लोग वर्ष भर करते हैं।बेटे बेटियों की शादी के लिए यहां से सस्ते फर्नीचर खरीदना लोग पसंद करते हैं। तभी तो यहां एक ही दिन में करोड़ों का व्यवसाय हो जाता है। यहां के मेले मे यूपी के सीमावर्ती जिलो तथा सीवान व गोपालगंज के व्यवसायी भी पहुंचते हैं।वहीं प्रखंड के सम्होता पयहाड़ी बाबा मंदिर, हर पुर शिवालय मंदिर, देवरिया शिवालय,मंगोलापुर मठिया का शिव मंदिर,हसुलाही का शिव मंदिर,मिश्रवलिया जोड़ा मंदिर के परिसर में भी में मेले का आयोजन किया गया।

## प्रसिद्ध शिल्हौरी शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** रविवार को महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक महत्व के पौराणिक मढ़ौरा के शिल्हौरी स्थित शिवालय में शिवभक्तों की बोलबम के नारों से मंदिर परिसर गुंजुमान रहा। शिव भक्तों की जत्था अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध भीड़ में लगी रही। दूर दराज के हजारों की संख्या में श्रद्धालु रात्रि में ही पहुंच मंदिर परिसर में डेरा डाले हुए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में एसडीएम श्रीमति निधि राज समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद दिखे। एसडीएम श्रीमती निधि राज ने खुद से भीड़ नियंत्रण के लिए प्रयासरत रही और प्रशानिक मॉनिटरिंग कर कमिटी और तैनात पुलिस बल को क्रियाशील रहने के लिए प्रेरित किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शांतिपूर्ण और कतार में लग भोलेनाथ को जलार्पण कर रहे थे। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग लाइने लगी थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूर्व से बांस बल्ले की बैरिकेटिंग किया हुआ है, उसी बैरिकेटिंग माध्यम से रिंग में महिला और पुरुष श्रद्धालु शिव भक्त लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर बारी आने पर जलाभिषेक कर रहे थे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर कमिटी के वॉलेंटियर और पुलिस भी बड़ी संख्या में मौजूद है। जिसमें महिला पुलिस भी महिलाओं को जल चढ़ाने में किसी तरह का दिक्कत नहीं हो उसका ध्यान रख रही है ।मंदिर के भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बहुत संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। महापर्व को लेकर दोपहर तक भीड़ भाड़ काफी था। मंदिर कमिटी के लोगों ने श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंचने के आसार जताए। भीड़ भाड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी भी लगाया गया है। जिसके माध्यम से निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी तरह का दिक्कत नहीं हो उसका ध्यान रखा जा रहा है। हालांकि प्रशासनिक सुरक्षा के बावजूद भी श्रद्धालुओं को अपनी सुरक्षा और सुविधा का स्वय भी ख्याल रखना चाहिए, ताकि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चोर उच्चक्के भी सक्रिय रहते हैं, उससे बचा जा सके। पूर्व से शिकायतें रहती है कि यहां भी भीड़ के फायदा उठा चोर गिरोह के सदस्य श्रद्धालुओं को शिकार बना लेते है। जिसमे श्रद्धालुओं के गहने और पॉकेट के रुपए पैसे छिनतई हो जाती हैं।



## महाशिवरात्रि को लेकर अखण्ड अष्टयाम के लिए निकाली गई भव्य कलशयात्रा

### महाशिवरात्रि पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के भागवतपुर पंचायत स्थित गिरि टोला शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर अखण्ड अष्टयाम का आयोजन किया गया। जिसको लेकर आचार्य मनपुजन तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्यकलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से निकली जो कि पूरे गांव का परिभ्रमण करते हुए खनुआ पोखरा के समीप पहुची जहां आचार्य द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जलभरी की गई। कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष पिला वस्त्र धारण किए हुए चल रहे थे। पुनः कलशयात्रा यज्ञ स्थल पर पहुची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का राम-नाम-सकीर्तन प्रारम्भ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य यजमान राम लायक गिरि, डॉ रंजय सिंह, अवधेश सिंह, भीष्म यादव, सोनू ठाकुर, टुनटुन सिंह, छोटू महतो, प्रमोद गिरि, राजेश्वर भारती समेत सैकड़ों की संख्या में पुरूष महिला श्रद्धालु शामिल थे। वही महाशिवरात्रि को लेकर विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।तरैया बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर, शाहनेवाजपुर ब्रिटिश कालीन शिव मंदिर व नारायणपुर बाजार स्थित शिव मंदिर, नन्दनपुर बाजार स्थित शिव मंदिर, उसरी बाजार स्थित शिव मंदिर, टिकमपुर स्थित शिव मंदिर, समेत अन्य मठ-मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई थी। महाशिवरात्रि को लेकर पूरे दिन शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ देखने को मिली। वहीं जलाभिषेक के बाद कई जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु-भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## महेंद्रनाथ हॉल्ट पर मालगाड़ी से कटकर महिला श्रद्धालु की दर्दनाक मौत

### शौच कर लौट रही थी महिला

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** छपरा-सीवान रेलखंड के महेंद्रनाथ हॉल्ट पर शौच कर लौट रही महिला श्रद्धालु की मालगाड़ी ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गयी. मृत महिला कुशीनगर के पड़रौना से परिजनों के साथ बाबा महेंद्रनाथ धाम पूजा अर्चना को आयी थी.मृतका की पहचान मीना देबी के रूप में हुई है जो दर्शन के बाद घर लौटने के लिए प्लेटफार्म पर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रही थी. इसी बीच शौच कर वापस लौटते समय अचानक पैर फिसल जाने से ट्रैक पर गिर गयी और ट्रेन की चपेट में आ गई.

### स्टेशन का दोनों शौचालय बदहाल

स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेशन पर बने दोनों शौचालयों की हालत बेहद खराब है यहां तक कि बैठने लायक भी नहीं है. मजबूरी में श्रद्धालुओं को खुले में शौच जाना पड़ता है.हादसे के बाद स्टेशन प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,मां बोली काश् आते हीं ट्रेन मिल जाती,हादसे के बाद मृतका मीना देबी की मां भतीजा और साथ आए परिजन चीख चीखकर बेहाल थे.मां ने कहा अगर आते हीं ट्रेन मिल गयी होती तो मेरी बेटी आज जिंदा होती. आठ घंटो तक पश्चिम दिशा के लिए कोई ट्रेन नहीं थी. स्थानीय लोगों ने ट्रेन की अनियमितता और शौचालयों की बदहाली पर जमकर नाराजगी जतायी है,लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं किया गया जिससे लोगों में आक्रोश है.

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन चोरी के मोबाइल बरामद

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।**पानापुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 3 खोए हुए मोबाइल को बरामद कर मोबाइल धारकों को सौंप दिया। अपने खोए मोबाइल के मिलने पर मोबाइल धारकों ने पानापुर पुलिस व सारण पुलिस का धन्यवाद किया। पानापुर थाने के एसआई कृष्णा कुमार शर्मा ने बरामद मोबाइलों को उनके हकदार के जिम्मे कर दिया। मोबाइल धारकों ने आम लोगों से अपील किया कि मोबाइल चोरी होने या गुम होने पर थाने में शिकायत दर्ज कर मोबाइल ट्रेकिंग के बनी सरकारी वेबसाइड पर अपनी सूचना जरूर अपलोड करें।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में छात्राएं रही अव्वल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** छपरा स्थित साधुलाल उच्च विद्यालय में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में तरैया प्रखंड के अपग्रेडेड +2 हरपुर फरीदन विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं प्रखंड का नाम रोशन किया। कक्षा नौवीं की प्रतिभाशाली छात्रा रजनी कुमारी ने विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। उनकी इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं, कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा मनीषा कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। दोनों छात्राओं की उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी उचित मार्गदर्शन और परिश्रम के बल पर किसी से कम नहीं हैं।इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवल किशोर राय ने कहा कि ÷हमारे विद्यालय की छात्राओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे प्रखंड के लिए गौरव की बात है। हमें विश्वास है कि राज्य स्तर पर भी वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।÷ प्रतियोगिता की तैयारी कराने वाली शिक्षिका मौसमी कुमारी ने कहा, ÷रजनी और मनीषा दोनों शुरू से ही जिज्ञासु और मेहनती छात्राएं रही हैं। हमने नियमित अभ्यास, मॉडल प्रस्तुति और विषय की गहराई से समझ पर विशेष ध्यान दिया। बच्चों में आत्मविश्वास जगाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वे अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित करेंगी।÷ इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओंङ्क अरुण कुमार चौबे, कमलेश चौबे, मुकेश कुमार भगत, राजू कुमार सिंह, धीरज कुमार, दिवाकर, दीपा कुमारी, वैभव रंजन उपाध्याय, इंदुभूषण गुप्ता, रूबी कुमारी, मौसमी कुमारी, संजीव प्रसाद, अल्का कश्यप, पेट्रोमिगल, संजीत कुमार मंडल, नम्रता वर्मा, केएम अंजू, सोनी कुमारी, गोविंद कुमार शर्मा, जितेश सिंह, अशोक कुमार, किरण श्रीवास्तव, दीपा कुमारी, रजिया खातून समेत अन्य शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगी। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बन गई।

## महाशिवरात्रि–इसुआपुर के शिवालयों में उमड़ा जन सैलाब

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के सढ़वारा चहपुरा बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर बाबा बिंदेश्वर नाथ धाम में रविवार को जलाभिषेक को लेकर महिला व पुरुष श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां भीड़ इतनी अधिक थी कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए लाइन में घंटों इंतजार करना पड़ता था। यहां प्रतिवर्ष की भांति विराट मेला भी लगा था। मेले में रेलम -ठेल भीड़ थी। जिसको नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद थी। वहीं मंदिर कमेटी के सदस्यों व वॉलिंटियरों द्वारा भी मेले की निगरानी पर पैनी नजर रखी गई थी। व्यवस्थापक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि शाम को शिव बारात सह शोभायात्रा निकाली जाएगी। मेले की निगरानी में अमित कुमार शर्मा, कृष्णा गिरी, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, विकास गौरव,अंकित यादव, राहुल कुमार, शिवजी महतो, कृष्णा शर्मा, विकास कुमार यादव व अन्य मुस्तैद थे। वहीं महेश्वर नाथ शिव मंदिर वासुदेव नगर बेला में भी जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भाड़ी भीड़ थी। यहां शनिवार से ही अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया था। व्यवस्थापक पवन सिंह ने बताया कि रविवार की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। मेले की निगरानी में पवन सिंह, अक्षय कुमार, संतोष सिंह, रितेश कुमार सिंह, विकास कुमार, बृजेंद्र रावत, ब्यास नीलकमल चौहान, सत्येंद्र रावत व अन्य मुस्तैद थे। प्रखंड के अगौथर, गंगोई, इसुआपुर, केरवा,शामकौरिया, बंगरा, नवादा, सहवां, निपनिया, उसुरी पिपरहियां एवं अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया तथा मेले में खरीदारी की।

# बाबा हरिहरनाथ सहित विभिन्न शिवालयों से निकली भव्य शिव बारात

### महाशिवरात्रि पर सोनपुर में दिखा शिवभक्ति का सैलाब

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी एवं नारायणी नदी में स्नान करने के उपरांत बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालय में पहुँच कर भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करते हुए भोलेनाथ पर भांग धतूरा बेलपत्र फल, दूध चढाकर घर में सुख शांति समृद्धि की कामना किया । वही प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित नगर व आसपास के विभिन्न शिवालयों से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान विष्णु, ब्रह्मा,नारद,राम सीता, लक्ष्मण,दुर्गा, काली, सरस्वती, राधा कृष्ण,हनुमान, नदी पर सवार स्वयं अनेको रूप में भगवान भोलेनाथ अपने भूत-प्रेत के साथ सैकड़ो लोगों की संख्या के साथ गांजे बाजे व ढोल नगाड़े के साथ शिव बारात निकली जो आकर्षक झांकियां देखकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सोनपुर विधायक विनय सिंह साहित कई गणमान्य लोग सोनपुर डीएसपी प्रतीश कुमार, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन,अंचल निरीक्षक उज्जवल



कुमार, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष विमलेश कुमार, बीपीआरओ राजेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल शिव बारात में शामिल रहे। हर शिवालियों से निकली शिव के बारात में प्रशासन की निगरानी में शिव बारात निकाली गई जो शिव बारात अपने निर्धारित मार्गो से गुजरते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों तक पहुंची। हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से पूरा इलाका शिवमय हो गया। शिव के गणों और भूत-प्रेत के वेश में सजे कलाकारों ने लोगों का खास ध्यान खींचा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में उत्साह देखते ही बन रहा था। बारात को देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, महिला से लेकर पुरुष एवं बच्चे भी हर दृश्य को कमरे में कैद कर रहे थे. जिससे पूरे नगर में मेले जैसा माहौल बन गया। शिव बारात के स्वागत स्थानीय लोगों ने जगह-जगह प्रसाद व शरबत, नास्ता का वितरण किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर शिव-पार्वती के विवाह का स्वागत किया, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस बल की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया गया, जिससे शिव बारात शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न हो सकी। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।शिव बारात के शांतिपूर्ण आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी और संतोष का माहौल रहा। शिवरात्रि के अवसर पर महिला वर्ग ने उपवास रखी. शिव का बारात जब पुनः वापस शिवालयों में पहुंचने पर महिलाओ ने भोलेनाथ को मंगलगीत गाते हुए आरती उतार कर शिव पार्वती विवाह के रस्मो को अदा किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता नजर आया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर निकली शिव बारात ने सोनपुर को पूरी तरह शिवमय बना दिया।

## किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 138वीं जयंती मनी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** महान किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 138वी जयंती का आयोजन बहुआरापट्टी में मढ़ौरा भाकपा ने किया ।जयंती सभा की सदारत समसुद्दीन साहब ने किया।भाकपा जिला सचिव रामबाबू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए ।जयंती को संबोधित करते हुए रामबाबू सिंह ने कहा कि स्वामी जी जातिवाद, संप्रदायवाद के प्रबल विरोधी एवं धर्मनिरपेक्षता एवं किसान मजदूरों के राज के प्रबल हिमायती थे ।आज जब धर्मनिरपेक्षता पर, किसान मजदूरों के अधिकारों तथा सांप्रदायिक सौहार्द पर लगातार हमले हो रहे हैं तब स्वामी जी के सपनो का भारत बनाने के लिए तिब्र आंदोलन समय की मांग बन जाता है और यही संकल्प स्वामी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । समारोह की शुरुआत स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ ।स्वामी जी अमर रहे, किसान मजदूर एकता जिंदाबाद, किसानी का कर्ज माफ करो, भारतीय संविधान जिंदाबाद आदि नारे लगाकर स्वामी जी को याद किया गया । जयंती को प्रो भूपेश भीम, प्रो रजाक हुसैन, प्रो आनंद कुमार, बीरेंद्र सिंह, नासिर हुसैन, साबिर साहब, गौतम जी, नुसरत अली आदि ने संबोधित किया ।

## दस चक्का कंटेनर से शराब बरामद

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुठनी थाना क्षेत्र के गुठनी चेक पोस्ट से एक दस चक्का कंटेनर से शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर मुजफ्फरपुर जिला के कुरानी थाना क्षेत्र के केरमा डीह निवासी पशुपतिनाथ सहनी है।इस संबंध में उत्पाद सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक दस चक्का कंटेनर से यूपी होते बिहार में शराब की खेप आ रही है।इसके बाद गुठनी चेक पोस्ट पर वाहन जांच की गई। जांच के दौरान एक दस चक्का कंटेनर आते देख रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक टीम को देखकर भागने लगा।जहां टीम द्वारा उसे पकड़ लिया गया।जांच के दौरान दस चक्का कंटेनर से 4295.160 लीटर शराब बरामद की गई।गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।बताया कि ये अंबाला से सिवान होते हुए राज्य के अन्य जिलों डिलीवरी करनी थी।बरामद शराब के कीमत लोगों रुपया की आंकी जा रही है।

## दवा व्यवसायी के घर से मोटर चोरी

**मैरवा (सिवान)।** चोरी की लगातार हो रही घटना ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है।मझौली रोड निवासी दवा व्यवसायी ओमप्रकाश की मोटर की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है।ओमप्रकाश ने मैरवा थाना में आवेदन देकर घर से वाटर मोटर चोरी होने की शिकायत की है।उन्होंने कहा है कि घर के पीछे से छत पर चढ़कर चोर सीढ़ी से अंदर घुस गए और मोटर चोरी कर ली।सुबह जगने पर सीढ़ी का गेट खुला मिला और मोटर गायब था।उन्होंने कहा है कि एक माह पूर्व भी मोटर चोरी कर ली गई थी।बता दें कि हाल के दिनों में थानाक्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि होने से लोग चिंतित हैं।

## परमसत्ता की अनुभूति करना जीवन का वास्तविक उद्देश्य–कुलपति

### ब्रह्माकुमारीज छपरा द्वारा 90वीं शिव जयंती पर फहराया गया शिव ध्वज

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** परमपिता परमात्मा त्रिमूर्ति शिव बाबा की 90वीं शिव जयंती के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज छपरा केंद्र द्वारा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ शिव ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेयी द्वारा मैडिटेशन रूम का उद्घाटन किया गया, जो आत्मचिंतन और योग साधना के लिए समर्पित रहेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बाजपेयी ने कहा कि सनातन परंपरा में शिव को सर्वोच्च देवता के रूप में माना गया है। सांख्य दर्शन के अनुसार ब्रह्मांड की उत्पत्ति शिव और शक्ति से हुई है। उन्होंने भौतिकी के द्वैत सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि पदार्थ और ऊर्जा में अंतर करना कठिन है, ठीक उसी प्रकार शिव और शक्ति का सिद्धांत संपूर्ण ब्रह्मांड का मूल मॉडल है। उन्होंने यह भी कहा कि चेतना का विस्तार और उसका सूक्ष्म स्वरूप हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य परमसत्ता की अनुभूति करना है।महाशिवरात्रि उसी सर्वोच्च सत्ता तक पहुंचने का आध्यात्मिक पर्व है। क्योंकि योग के माध्यम से ही आत्मा परमब्रह्म शिव की पहचान कर आंतरिक शांति प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी ने कहा कि जब- जब धर्म की ग्लानि होती है, तब परमात्मा स्वयं अवतरित होकर विश्व परिवर्तन का कार्य कराते हैं। उन्होंने बताया कि शिव बाबा सच्चे ज्ञान के माध्यम से आत्माओं के संस्कारों में परिवर्तन कर उन्हें परमधाम की ओर ले जाते हैं, जिसे शिव की बारात कहा जाता है। उन्होंने शिव पूजन की प्रतीकात्मकता समझाते हुए कहा कि धतूरा, बेर आदि हमारी बुराइयों के प्रतीक हैं, जिन्हें हमें त्यागना चाहिए। बेलपत्र की तीन पत्तियां ब्रह्मा, विष्णु और शंकर की स्मृति दिलाती हैं तथा त्रिमूर्ति स्वरूप की याद दिलाती हैं। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संकल्प और विश्व शांति के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर जेपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रमेंद्र कुमार बाजपेई, जेपीयू के दर्शन शास्त्र के विभागाध्य प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव, स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी, संगीत शिक्षिका प्रियंका कुमारी, ऋचा कुमारी, प्रयागराज के बीके अरविंद भाई, राजा भाई, बीके प्रियांशु और वीणा बहन सहित कई अन्य भाई और बहने मौजूद रही।



## विभिन्न मामलों में 40 आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

**सिवान।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिला पुलिस लगातार सक्रिय कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 40 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 40 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 40 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 24, चोरी के कांड में एक, हत्या के कांड में तीन, अपहरण के कांड में दो, वांरट में चार व विविध कांड में छह गिरफ्तारी की गई। वहीं 441.80 लीटर देसी शराब व 324.03 लीटर विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 36 वारंट व चार कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 72 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व पंचायत सचिव की मौत

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के शनिवार की शाम मदारपुर बाजार बस स्टैंड के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पड़ौली उज्जैन टोला निवासी पूर्व पंचायत सचिव रामेश्वर सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रामेश्वर सिंह अपने घर से मदारपुर बाजार सामान खरीदने आए थे। इस दौरान बस स्टैंड के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे वे घायल हो गए।तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया। स्वजन उन्हें इलाज के लिए मदारपुर स्थित निजी क्लिनिक में भर्ती कराए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत के बाद गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। वहीं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया संघ अध्यक्ष रामकुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, पप्पू सिंह, सरपंच राजीव रंजन उर्फ राजन सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रेम राजन सिंह उर्फ टिंकू सिंह आदि ने मृतक के स्वजन को ढाढ़स बंधाया है।

पितामह पैलेस
शानदार एवं भव्य विवाह और सामाजिक कार्यक्रमों का उत्तम स्थल
हमारी विशेषताएँ
विशाल हॉल
आकर्षक स्टेज व डेकोरेशन
पूर्ण पार्किंग सुविधा
आधुनिक साउंड व लाइटिंग
स्वादिष्ट खानपान की व्यवस्था


विवाह, सगाई, जन्मदिन, सालगिरह, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हेतु उपयुक्त
पता: पितामह चौक, SH-73,मढ़ौरा अमनौर रोड, कर्णपुरा, मढ़ौरा, सारण बिहार- 841401
संपर्क: 7703933168, 9911970162

# मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री मिली छापेमारी में 2 तस्कर गिरफ्तार

**मुंगेर,एजेंसी।** मुंगेर में अवैध हथियारों के निर्माण और खरीद-फरोख्त के खिलाफ पुलिस के अभियान के तहत मुफस्सिल थाना पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तीन पिस्टल, तीन मैगजीन और दो अतिरिक्त मैगजीन बरामद की हैं। हालांकि, पुलिस को देखकर एक आरोपी मौके से फरार हो गया। सदर डीएसपी अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शीतलपुर पहाड़ के उत्तर नवनिर्मित पक्की सड़क के पास कुछ लोग अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे के नेतृत्व में सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की गई।आरोपी कई दिनों से इस अवैध धंधे में शामिल थे : मौके से बरदह निवासी मो. औरंगजेब और मो. रेहान को गिरफ्तार किया गया, जबकि मो. इरशाद भागने में सफल रहा। सदर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार मो. औरंगजेब दिव्यांग है। दोनों आरोपी कई दिनों से इस अवैध धंधे में शामिल थे। वे तैयार हथियारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने और उनकी डिलीवरी का काम करते थे, जिसके बदले उन्हें पैसे मिलते थे। फरार आरोपी मो. इरशाद ही अवैध हथियारों का निर्माण कर उनकी आपूर्ति करता था। पुलिस अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि अवैध हथियार गिरोह अब दिव्यांग व्यक्तियों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर आमतौर पर पुलिस या आम नागरिकों को आसानी से शक नहीं होता, जिससे हथियारों की ढुलाई अपेक्षाकृत आसान हो जाती है। पहाड़ी जंगल में छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री : इसी कड़ी में दो दिन पहले गुरुवार को पुलिस ने हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के कुल्हाड़िया पहाड़ी जंगल में छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और मौके से निर्मित व अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए थे। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए अवेद हथियार की खरीद बिक्री करने वाले तस्कर को मुफस्सिल थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। बता दें कि प्रशिक्षु डीएसपी सह मुफस्सिल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे के द्वारा जब से मुफस्सिल थाना की कमान लिया गया है तब से लगातार फरार अभिक्तों के अलावे हथियार तस्करों पर खासकर विशेष कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष के लगातार कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब तस्कर के अलावे हथियार तस्करों में हड़कंप मची हुई है। सदर डीएसपी ने कहा कि मुख्य अभियुक्त मो. इरशाद की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस बरामद हथियारों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## फर्म होंडा इंटरप्राइजेज अमृतसर के कर्मी पर केस दर्ज, आरोपी फरार

**परवेज अख्तर/सिवान।** सिवान जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर विज्ञापन व यात्रियों को ट्रेनों की समय-सारणी बताने के लिए लगाई गई एलईडी स्क्रीन पर शनिवार को अशोभनीय गीत प्रसारित किए जाने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित संविदाकर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वाणिज्य अधीक्षक राकेश कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार 13 फरवरी को लगभग 12ः30 बजे स्टेशन के सहयोग केंद्र में जिले के जीबी नगर थाना क्षेत्र के चौकी हसन निवासी मो इब्राहिम का पुत्र सह कार्यरत संविदाकर्मी सलमान अली द्वारा कुछ समय के लिए एलईडी स्क्रीन पर अशोभनीय गाना चला दिया गया। इससे प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों के बीच असहज स्थिति उत्पन्न हो गई और न्यूसेन्स फैल गया। शिकायत के आधार पर आरपीएफ पोस्ट में मुकदमा संख्या 55/26, धारा 145 रेलवे अधिनियम के तहत सलमान अली, जो फर्म होंडा इंटरप्राइजेज, अमृतसर से संबद्ध बताया जा रहा है, के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि प्राथमिकी होने के बाद से आरोपी फरार है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार पांडेय द्वारा की जाएगी।

## दो स्कॉर्पियो से 378 लीटर शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस नौतन थानान्तर्गत वाहन चेकिंग के क्रम में पुलिस ने दो स्कार्पियों से 378 लीटर शराब बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के सेवतापुर निवासी प्रिंस कुमार राम, रंजन यादव, थाना क्षेत्र के सुमेरपुर निवासी उमेश यादव व इमलौली निवासी धनजी यादव है। पुलिस ने इनके पास पांच मोबाइल को भी जब्त किया है। पुलिस ने चोरों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। वहीं उनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापेमारी कर रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि मेरे निर्देशन में पुलिस द्वारा जिलान्तर्गत विभिन्न जगहों पर अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में शनिवार को नौतन क्षेत्र अंतर्गत बांका मोड़ के पास वाहन चेकिंग के क्रम में दो स्कार्पियो से कुल 378 लीटर विदेशी शराब बरामद कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## महाशिवरात्रि पर निकली शिव बरात में शिव–पार्वती की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**गुठनी (सिवान)।** नगर पंचायत स्थित राम जानकी मंदिर उत्तर के मठिया पर महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बरात निकाली गई। इस बरात में मुख्य रूप से शिव- पार्वती की सुंदर प्रतिमा बनाई गई थी। इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चे शिव पार्वती तथा भूत प्रेत की झांकी प्रस्तुत कर रहे थे। शोभा यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर उत्तर के मठिया से आरंभ होकर तेनुआ मोड़, गुठनी चौराहा, गुठनी बाजार होते हुए पुनः वापस श्रीराम जानकी मंदिर उत्तर के मठिया पहुंच गई। इस बरात में मुख्य रूप से आयोजक मंडल के सदस्य बसंत सिंह, गांधी जायसवाल, गुठनी नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि हरिश्चंद्र जायसवाल, पप्पू मिश्रा समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सिटी मांटेसरी स्कूल में महाशिवरात्रि की धूम, नन्हें कलाकारों ने जीवंत की शिव लीला

**सिवान।** शहर के गांधी मैदान स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका रही। विद्यार्थियों ने भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, उनके विवाह और पौराणिक कथाओं को बड़ी ही कुशलता से मंच पर उतारा। शिव तांडव और भजनों पर आधारित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को %%हर-हर महादेव%% के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने समाज को भक्ति और सत्य का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका वंदना कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं चांदनी वर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों की प्रतिभा निखरती है, बल्कि उन्हें अपनी भारतीय संस्कृति और समृद्ध परंपराओं की गहरी जानकारी भी मिलती है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक रामानुज मिश्रा, पार्वती कुशवाहा, अरुणेश कुमार दुबे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## कैंडल मार्च निकाल पुलवामा बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

सिवान। 14 फरवरी 2019 को दिन दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकी हमले में बलिदान हुए 40 जवानों को शनिवार की रात श्रद्धांजलि दी गई तथा उन्हें नमन किया गया। जानकारी के अनुसार आंदर प्रखंड के जयजोर में शनिवार की रात जयजोर पंचायत क्लब के सदस्यों ने कैंडल मार्च निकाल बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी तथा बलिदानियों के सम्मान में नारे लगाए। वहीं सदस्य मुनील कुमार सैनी के नेतृत्व में तमाम युवा, व्यापारी व अन्य लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश के अमर बलिदानियों को याद किया। सभी ने काफी देर तक बलिदानियों और देश के सैनिकों तथा सेना की जय-जयकार करते हुए कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर भगवत, छोटेलाल, वीरबल, चंदन कुमार, श्रीभगवान साह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर महाराजगंज में पुलवामा हमले के सातवीं बरसी पर सेंट जोसेफ स्कूल में शनिवार की शाम बलिदानियों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। निदेशक सीओ पुनुस ने बलदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में सेंट जोसेफ स्कूल परिवार के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल थी। समारोह की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पण से हुई। इसके बाद बलिदानियों ह जवानों को सलामी दी गई।

## ईंट– भट्ठों से चार बाल श्रमिक मुक्त

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग ईंट- भट्ठों पर छापेमारी कर चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। इस कार्रवाई से ईंट-भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया। बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए गठित धावा दल का नेतृत्व एलइओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सौरव सुमन कर रहे थे। उनके साथ एलइओ सिसवन, महाराजगंज, नौतन, दरौली एवं दारौंदा पुलिस की टीम भी शामिल थी। मुक्त कराए गए सभी बाल श्रमिकों को आवश्यक कार्रवाई के तहत सीडब्ल्यूसी सिवान को सुपुर्द कर दिया गया, जहां आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## चोरी की बाइक बरामद, युवक गिरफ्तार

मैरवा (सिवान)। पुलिस ने शनिवार को एक बाइक चोरी के मामले में आरोपित युवक को छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी की बाइक भी बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपित श्रीनगर निवासी अनमोल कुमार है। क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की घटना हो रही थी। इसको लेकर पुलिस सक्रिय थी। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि बाइक बरामद होने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में मिली सफलता

**मैरवा (सिवान)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पटना में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागिता सुनिश्चित करने को ले शनिवार को जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कन्या उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज मैरवा की छात्रा को मिली सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं में हर्ष है। बता दें कि इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में कन्या उच्च विद्यालय की इंटर ( 11 वीं ) की छात्रा कुमारी खुशी कुशवाहा विषय वकतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर पांडेय ने खुशी का इजहार करते हुए इस सफलता पर छात्रा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय की छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सफलता में छात्रा की मेहनत के साथ विज्ञान शिक्षिका शश्या सिंह का सराहनीय योगदान है। ज्ञात हो कि प्रखंड स्तर पर सात फरवरी को वकतृत्व प्रतियोगिता में इस छात्रा का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता का लिए हुआ था जिसका विषय मानव जीवनशैली पर उभरती प्रौद्योगिकी का प्रभाव था।

